Exam.Code:0002
Sub. Code: 0108

**1059**
**B.A. (General) Second Semester**
**Hindi (Elective)**
**Paper –A**

**Time allowed: 3 Hours** **Max. Marks: 90**

**नोट- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। निर्देशानुसार उत्तर दीजिए। भाषा की शुद्धता का ध्यान रखें।**

1. (क) **निम्नलिखित में से किन्हीं दो पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या करें-**

(i) आली रे मेरे नैणां बाण पड़ी।। टेक।।
चित्त चढ़ी मेरे माधुरी मूरत, उर बिच आन अड़ी।
कब की ठाढ़ी पंथ निहारूं, अपने भवन खड़ी।
कैसे प्राण पिया बिन राखूं, जीवन मूर जड़ी।
मीरां गिरधर हाथ बिकानी, लोग कहैं बिगरी।।

(ii) बादल देख डरी हो स्याम मैं बादल देख डरी।। टेक।।
काली पीली घटा ऊमटी, बरस्यो एक घरी।
जित जाऊं तित पाणी पाणी, हुई सब भोम हरी।
जाका पिया परदेस बसत है, भीजूं बहार खरी।
मीरां के प्रभु हरि अविनासी, कीज्यौ प्रीत खरी।।

(iii) धूत कहौ, अवधूत कहौ, रजपूतु कहौ, जोलहा कहौ कोऊ।
काहू बेटी सों बेटा न व्याहब, काहू की जाति बिगार न सोऊ।
तुलसी सरनाम गुलामु है राम को, जाको रुचै सो कहै कछु ओऊ।
मांगि कै खैबो, मसीत को सोइबो, लैबो को इकु न दैवैको दोऊ।

(iv) साई अपने चित्त की भूल न कहिये कोय।
तब लग मन में राखिये, जब लगि कारज होय।।
जब लग कारज होय, भूल कबहूं नहिं कहिये।
दुरजन तातो होय, आप सीरे ह्वै रहिये।।
कह गिरिधर कविराय, बात चतुरन के ताई।
करतूती कह देत, आप न कहिये साई।। 10

(ख) मीरा बाई का साहित्यिक परिचय दीजिए।

**अथवा**

अंगद-रावण सम्वाद कविता का सार लिखिए। 06

2. **निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दें-**

(i) झांसी की रानी उपन्यास का उद्देश्य स्पष्ट करें।
(ii) झांसी की रानी उपन्यास की कथावस्तु की विशेषताएं लिखिए।
(iii) झांसी की रानी उपन्यास के आधार पर तात्या टोपे का चरित्र-चित्रण करें।
(iv) झांसी की रानी उपन्यास के आधार पर गंगाधर राव का चरित्र-चित्रण करें। 16

3. संत काव्य-धारा की विशेषताएं लिखिए।

P.T.O.

अथवा

राम काव्य-धारा की विशेषताएं लिखिए। 08

4. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दस प्रश्नों का उत्तर दें-**

(i) मीरा का जन्म कब और कहां हुआ ?

(ii) मीरा का पालन-पोषण किसने किया?

(iii) तुलसीदास की किन्हीं दो रचनाओं का नाम लिखें।

(iv) विनय-पत्रिका किस भाषा में रचित है?

(v) गिरिधर किस काल के कवि थे?

(vi) अंग्रेजों ने पेशवाई कब समाप्त की?

(vii) बाजीराव मन्नू को किस नाम से पुकारा करते थे?

(viii) मनू की दो सखियों के नाम बताएं।

(ix) राजा गंगाधर राव ने किसे देश-निकाला दिया था?

(x) सुन्दर की मृत्यु किसके धोखे के कारण हुई?

(xi) भक्तिकाल की काव्य-धाराओं का नाम लिखें।

(xii) दो कृष्ण भक्त कवियों के नाम लिखें।

(xiii) भ्रमरगीत के रचयिता का नाम लिखें।

(xiv) जायसी की किसी रचना का उल्लेख करें।

(xv) रैदास किस काव्य-धारा के कवि हैं? 10

5. उपन्यास के भेद-उपभेदों की चर्चा करें।

अथवा

उपन्यास के तत्वों पर प्रकाश डालिए। 07

6. **किन्हीं पाँच मुहावरे/लोकोक्तियों के अर्थ बताकर वाक्य बनाएं-**

अंगूठा दिखाना, कान भरना, गाँठ का पक्का, घास खोदना, नाक में दम करना, अन्त भले का भला, कंगाली में आटा गीला, नाम बड़े दर्शन छोटे। 10

7. **किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें-**

आतंकवाद: एक गंभीर समस्या, नारी और नौकरी, नेता और चुनावी जुमले। 10

8. अपने भाई को पत्र लिखकर अपनी ऐतिहासिक यात्रा का वर्णन करें।

अथवा

समाचार पत्र के सम्पादक को पत्र लिखकर सामान्य नागरिकों की कठिनाइयों का वर्णन करें। 08

9. **किन्हीं पाँच पारिभाषिक शब्दावली के हिन्दी रूप लिखिए-**

Medical Leave, Nationality, Offer, Payment, Quarterly, Revenue, Secret, Write off. 05

x-x-x